प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

सीबीआई जांच

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने बहुचर्चित विमल नेगी मौत मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने आज इस संबंध में फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह, डीजीपी और शिमला पुलिस की एस.आई.टी. की जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए मामला जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का फैसला सुनाया। अदालत ने आदेश दिया कि सीबीआई जांच टीम में हिमाचल कैडर का कोई भी अधिकारी शामिल नहीं होगा। अदालत ने मामले में शिमला ज़िला पुलिस को भी फटकार लगाई है और कहा है कि वह दो महीने बीत जाने के बाद भी किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है।

आर.के. बावा—अधिवक्ता

इस संबंध में मृतक चीफ इंजीनियर विमल नेगी की पत्नी किरन नेगी ने पुलिस जांच पर सवाल उठाए थे और अदालत से निष्पक्ष जांच के लिए मामले को सीबीआई को सौंपने की गुहार लगाई थी। विमल नेगी के परिजनों ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि हाईकोर्ट के फैसले से सच्चाई की जीत हुई है और अब सीबीआई मामले की निष्पक्ष जांच कर सकेगी, जिससे परिवार को न्याय मिलेगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट कर प्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा संचालित जलविद्युत परियोजनाओं में राज्य की मुफ्त बिजली हिस्सेदारी बढ़ाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने बैरा—स्यूल परियोजना को हिमाचल को सौंपने की लंबे समय से लंबित मांग पर भी चर्चा की। उन्होंने बीबीएमबी से बकाया राशि जारी करने और बीबीएमबी में हिमाचल प्रदेश से एक स्थायी सदस्य नियुक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड की लुहरी, सुन्नी व धौलासिद्ध और एनएचपीसी की डुग्गर परियोजना को राज्य को सौंपने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी देने पर आभार जताया। मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री को केन्द्र से हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रामन से भेंट कर प्रदेश के वित्तीय मामलों पर विस्तृत चर्चा की।

भेंट

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक संयुक्त मोर्चा संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। इस मौके पर

मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हीरामणि भारद्वाज के नेतृत्व में राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें डॉक्टर भीमरॉव अंबेडकर की प्रतिमा रिज मैदान पर स्थापित करने और प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में पांचवी कक्षा से अनुसूचित जाति व जनजाति के समाज सुधारकों की जीवनी पढ़ाने का आग्रह किया गया है।

मौसम

प्रदेशवासियों को आने वाले दिनों में चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलती रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार हिमालय क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है जिसके प्रभाव से आगामी 27 मई तक प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर अंधड़ चलने, ओलावृष्टि और वर्षा की संभावना है। विभाग ने आज राज्य के सभी 12 ज़िलो में अलग–अलग स्थानों पर अंधड़ चलने और आंधी का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 24 मई को राज्य के सात ज़िलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में ओलावृष्टि और आंधी का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।

शोभित कटियार–22''

*हिमाचल प्रदेश में अगले पांच दिनों निचले मैदानी इलाकों में मध्यवर्ती इलाकों में हल्के स्तर की बारिश और थंडर शोर्न एक्टीविटी देखने को लगातार मिलती रहेगी। हालांकि 23 और 24 तारीख को हमारे शिमला जिला, सिरमौर है, चंबा कांगड़ा कुल्लू और उसी के साथ मैदानी इलाकों में ओलावृष्टि देखने को मिल सकती है। इसी वजह से इन सभी क्षेत्रों के लिए हमने 23 और 24 तारीख को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।*

———————————